तापमान

अधिकतम 27.4 डिग्री

न्यूनतम 15.8 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 27 नवंबर 2025





## मौसम में उतार चढ़ाव जारी

खाड़ी में उठे तूफान के चलते मौसम में उतार चढ़ाव जारी है, दिन में आसमान पर हल्के बादल छाए रहने से तापमान बढ़ रहा है, वहीं बादल छंटते ही तेजी से ठंड बढ़ रही है। बुधवार को शहर का न्यूनतम तापमान 15.8 डिग्री और अधिकतम तापमान 27. 4 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में तापमान में 1 से 3 डिग्री गिरावट होने की संभावना जताई है। बिलासपुर जिले में आने वाले दिनों में तापमान में तेजी से गिरावट होने की संभावना भी जताई जा रही है, इसका कारण यह है कि राज्य का उत्तरी इलाका शीत लहर की चपेट में है। अंबिकापुर का तापमान 7 डिग्री हो गया है। ठंड बढ़ने से स्कूली बच्चों की समस्या बढ़ने की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### फिजियोथेरेपिस्ट भर्ती हेतु दस्तावेज की जांच कल

**बिलासपुर।** जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा विलासपुर के अंतर्गत संचालित समावेशी शिक्षा के तहत फिजियोथेरेपिस्ट के पद विज्ञापित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों का विस्तृत विवरण एनआईसी के वेबसाईट पद में प्रकाशित किया गया। विज्ञापन के अनुक्रम में 16 आवेदन प्राप्त हुए है। सभी आवेदको के प्रमाण पत्रों का परीक्षण 28 नवम्बर को जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा, बिलासपुर जिला पंचायत द्वितीय तल में दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। आवेदकों अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ निर्धारित समय में उपस्थित होना होगा।

### कार्य पूर्ण करने वाले 18 बीएलओ का सम्मान कल

**बिलासपुर।** मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सबसे पहले 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले प्रथम तीन बीएलओ को चुनाव आयोग द्वारा सम्मानित किया जाएगा। प्रत्येक बीएलओ को प्रशस्ति पत्र के साथ 5 हजार रूपए की नगद राशि भेंट की जाएगी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों से जहां की भाग संख्या पर 800 या उससे अधिक मतदाता है। उस भाग संख्या के बीएलओ द्वारा 28 नवम्बर तक गणना फॉर्म वितरण एवं संग्रहण तथा डिजिटाईजेशन का कार्य पूर्ण करने वाले बीएलओ इस पुरस्कार के हकदार होंगे।

### जिला पंचायत की बैठक 1 दिसंबर को

**बिलासपुर।** जिला पंचायत की बैठक 1 दिसम्बर को आहूत की गई है। इसके अंतर्गत सामान्य सभा की बैठक दोपहर 12 बजे एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक शाम 4 बजे होगी। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी करेंगे। सामान्य सभा की बैठक में खनिज विभाग, महिला बाल विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग, सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। सामान्य प्रशासन समिति की बैठक में पूर्व बैठक का पालन प्रतिवेदन, कृषि विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी और समीक्षा की जाएगी।

### दिव्यांगजन दिवस का आयोजन 3 दिसंबर को

**बिलासपुर।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस 3 दिसम्बर को मनाया जाएगा। इससे पूर्व बुधवार को जिला कार्यालय समाज कल्याण में संयुक्त संचालक की अध्यक्षता में शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 3 दिसम्बर को दिव्यांगजनों के लिए आयोजित होने वाली खेलकूद प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मुख्य समारोह की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई।

# ठंड और शीतलहर, जिले के स्कूलों का बदला गया समय

## पहली पाली में सुबह 8:00 से 11:45 तक, दूसरी पाली दोपहर 12 से 4 बजे तक लगेंगी कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में पड़ रही अत्यधिक ठंड और शीतलहर को देखते हुए स्कूलों के समय में परिवर्तन किया गया है। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर डीईओ विजय टांडे ने इसके लिए आदेश जारी किया है। जारी आदेश के तहत वर्तमान में जिले में अत्यधिक ठंड एवं शीतलहर के प्रकोप के कारण बच्चों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखकर बिलासपुर जिले के सभी शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त, सीबीएसई पाठ्यक्रम संचालित विद्यालयों के संचालन समय में परिवर्तन किया गया है।

जारी आदेश के अनुसार दो पाली में संचालित शालाएं प्रथम पाली में सोमवार से



शुक्रवार तक सुबह 8:00 से 11:45 तक लगेंगी। शनिवार को स्कूल की क्लासेस दोपहर 12 से शाम 4:00 बजे तक लगेंगी।

वहीं द्वितीय पाली में सोमवार से शुक्रवार तक दोपहर 12 से 4 बजे तक वही शनिवार को सुबह 8:00 से 11:45 बजे तक कक्षाएं संचालित होंगी। वहीं एक पाली में संचालित शालाएं सोमवार से शुक्रवार तक दस से चार बजे तक वहीं शनिवार को सुबह 8 बजे से 11.45 तक संचालित होंगी।

### सुबह व रात की ठंड बढ़ेगी

ज्ञात हो कि मौसम विभाग ने पहले ही चेतावनी जारी की है कि 26 से 28 नवंबर तक शीतलहर की स्थिति बन सकती है। इस दौरान हवा की ठंडक बढ़ेगी और न्यूनतम तापमान सामान्य से काफी कम हो सकता है। आगामी तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की जा सकती है। इस गिरावट के चलते सुबह और रात की ठंड और अधिक तेज महसूस होगी। इस वजह से बुजुर्गों, बच्चों और अस्थमा के मरीजों के लिए सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। हालांकि मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, अगले कुछ दिनों में प्रदेश में कहीं भी वर्षा की संभावना नहीं है। ठंड की तीव्रता में बढ़ोतरी जारी रहेगी।

### एहतियात बरतने कहा

प्रदेश में बढ़ते ठंड और शीतलहर को देखते हुए आमजन की सुरक्षा के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जरूरी एहतियाती दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शीतलहर के दौरान लोग अनावश्यक घर से बाहर न निकलें और यात्रा से यथासंभव बचें। ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़ों का उपयोग करें और शरीर को गर्म रखने के लिए गर्म तरल पदार्थों का सेवन लगातार करते रहें। यदि किसी व्यक्ति को अत्यधिक कंपकंपी, उंगलियों में पीलापन या सफेदपन, सुन्नता जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों को इस मौसम में अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी। बंद कमरे में अलाव नहीं जलाने की चेतावनी भी दी गई है।

# प्रताड़ना से छात्रा ने लगाई थी फांसी शिक्षक दंपती के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्कूल से लौटने के बाद छात्रा की खुदकुशी के मामले में जांच के बाद पुलिस ने शिक्षक दंपती के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

ज्ञात हो कि रतनपुर जलसो निवासी पूनम रजक पिता भूनेश्वर रजक 14 साल माह जलसो स्थित सीता देवी हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा नवमीं की छात्रा थी। 22 सितंबर 2025 को पूनम स्कूल घर लौटी और कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। परिजन के द्वारा स्कूल में मारपीट कर प्रताड़ना का आरोप लगाया गया था। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई थी। स्कूल के सीसीटीवी फुटेज खंगालने में स्कूल संचालिका



स्कूल से लौटने के बाद नवमीं की छात्रा ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

मारपीट के बाद निजी स्कूल की छात्रा ने की थी आत्महत्या, शिक्षक सस्पेंड

सरकारी भवनों पर भी अवैध कब्जा

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

अंजना साहू, उसके पति शिक्षक रमेश साहू दो थप्पड़ मारते नजर आ रहे थे। रमेश साहू शासकीय स्कूल में पदस्थ होने के बाद भी अपने निजी स्कूल में पढ़ाने जा रहे थे। विभागीय जांच के बाद शिक्षा विभाग ने शिक्षक रमेश साहू को निलंबित कर दिया था।

इधर जांच के बाद 25 नवंबर को रतनपुर पुलिस ने स्कूल संचालिका अंजना साहू व उसके पति निलंबित शिक्षक रमेश साहू के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है। आरोपी पति पत्नी पुलिस पकड़ से बाहर है। कोटा एसडीओपी नुपूर उपाध्याय ने कहा नेवसा के छात्रा की खुदकुशी के मामले में मर्ग जांच के बाद अपराध कायम किया गया है। अग्रिम विवेचना में विधिवत कार्रवाई की जाएगी।

# दुकानदारों से साढ़े सात लाख का 244 क्विंटल अवैध संग्रहित धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कम दाम में किसानों से खरीदकर अपने गोदामों व संस्थानों में छिपाकर रखा गया 244 क्विंटल धान जब्त कर लिया गया है। जब्त किए गए धान की बाजार कीमत साढ़े सात लाख बताई गई है। जिला प्रशासन द्वारा बिचौलियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार को भी 7 लाख रूपए कीमती 6 सौ बोरी अवैध संग्रहित धान जब्त किया गया था।

बिचौलियों पर जिला प्रशासन का शिकंजा लगातार कसता ही जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को प्रशासन के निर्देशानुसार खाद्य एवं राजस्व विभाग की टीम ने छापामार अभियान चलाकर पांच संस्थानों से 244 क्विंटल अवैध धान जब्त किया है। उक्त धान बिचौलियों द्वारा अपने गोदामों व संस्थानों में 533 बोरियों में भरकर रखा गया था। जब्त धान की कुल कीमत 7 लाख 44 हजार रूपए बताई गई है। छापामार कार्रवाई के अंतर्गत बिल्हा के



रूपचंद किराना स्टोर्स से 113 बोरी, बरतोरी के ओम ट्रेडर्स से 188 बोरी, कोटा के गुप्ता ट्रेडर्स से 110 बोरी, रतनपुर के गंगाराम नामक व्यक्ति से 77 बोरी एवं रानीगांव के दुर्गा ट्रेडर्स से 115 बोरी अवैध रूप से भंडारित धान जब्त किया गया है।

जिला प्रशासन द्वारा खाद्य विभाग, राजस्व विभाग एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीम के माध्यम से अब तक करीब बीस लाख रूपए का अवैध भंडारित धान जब्त किया जा चुका है। मंगलवार को भी बड़ी मात्रा में धान जब्त किया गया था। बिचौलियों द्वारा किसानों से तात्कालिक भुगतान का लाभ देते हुए कम कीमतों में धान की खरीदी कर ली जाती है, जिसे वे सहकारी समितियों से सांठगांठ कर समर्थन कीमतों पर बेचते हैं। प्रशासन को इस संबंध में लगातार शिकायतें तो मिलती हैं, लेकिन साक्ष्य के अभाव में जब्ती नहीं हो पाती। फिलहाल टीम के द्वारा अवैध धान की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान को लगातार बड़ी सफलता मिल रही है।

### लगातार चलेगा अभियान

राजस्व विभाग के नेतृत्व में खाद्य एवं मंडी विभाग की टीम के द्वारा 244 क्विंटल अवैध संग्रहित धान जब्त करने में सफलता मिली है। अब तक टीम के द्वारा 20 लाख रूपए मूल्य का अवैध संग्रहित धान जब्त किया जा चुका है। छापामार अभियान फिलहाल लगातार चलता रहेगा।

**- अमृत कुजूर**, खाद्य नियंत्रक

# प्रिंसिपल से शिकायत करने पर छात्र को बेल्ट, डंडे से पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रिंसिपल से शिकायत पर छात्र के साथ युवकों ने हाथ मुक्का, बेल्ट, डंडे से जमकर मारपीट कर दी है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, मोपका रामकृष्ण नगर निवासी आशीष कुमार टण्डन पिता रेशमलाल टण्डन लोयेला स्कूल में कक्षा दसवीं का छात्र है। क्लास में पढ़ने वाला आर्यन टण्डन स्कूल में उनका बुक, बैग गिराकर व लंच के समय गाली गलौज कर परेशान कर रहा था। आशीष ने एक सप्ताह पहले उसकी प्रिंसिपल से शिकायत की थी, जिस पर प्रिंसिपल ने दोनों को बुलाकर समझाइश दी थी। 25 नवंबर को शाम 7 बजे वह अपने दोस्त शुभ शर्मा, आदि वर्मा, सौर्य कुरेलियाके साथ गुलाबनगर हनुमान मंदिर के पास ग्राउंड में घूम रहे थे। इसी दौरान आर्यन टण्डन अपने साथी विकास यादव, सत्य प्रकाश शास्त्री, जुनैद अली आए और बोले तुम प्रिंसिपल के पास जबरदस्ती शिकायत क्यों किए थे कहकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का, बेल्ट, डंडा से जमकर मारपीट कर दी।

पुलिस ने छात्र आशीष कुमार टण्डन की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# गैस सिलेण्डर की ब्लैक मार्केटिंग, 2 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- 43 भरे व 43 नग खाली गैस सिलेण्डर बरामद

पुलिस ने एक मकान में दबिश देकर 43 नग भरे व 43 नग खाली गैस सिलेण्डर बरामद किया है। किराए के मकान में गैस सिलेण्डर भण्डारण कर होटलों में ब्लैक में बेचा जा रहा था। पुलिस गैस सिलेण्डर जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

तोरवा टीआई अभय सिंह बैस को शिकायत मिली कि हेमूनगर सिंधी कालोनी झूलेलाल चौक के







पास दो लोग किराए के मकान में अवैध रूप से गैस सिलेण्डर भण्डारण कर आसपास के होटलों में ब्लैक में बेच रहे हैं। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने स्टाफ के साथ मौके पर दबिश देकर किराए के मकान से 43 नग भरा व 43 नग खाली गैस सिलेण्डर बरामद किया गया है। संचालक हेमूनगर निवासी सुनील थरवानी, अजय मेघानी से पूछताछ करने पर वे संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए और वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए। पुलिस ने 3, 7 ईसी एक्ट के तहत गैस सिलेण्डर जब्त कर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

## निगम में गाड़ियों की मरम्मत के नाम पर गड़बड़ी

# पुराना टायर व सामान लगाकर लाखों रुपए निकाले

**बिलासपुर।** नगर निगम के पंप हाउस में गाड़ियों की मरम्मत के नाम पर गड़बड़ी के आरोप लगे हैं। खास बात है कि यह आरोप यहीं के कर्मचारियों ने लगाया है और इसकी शिकायत महापौर, निगम कमिश्नर से लेकर अपर कमिश्नर तक से की गई है। मामले में जांच के आदेश भी दे दिए गए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि गाड़ियों में पुरानी टायर की जगह पुराना सामान लगाते हुए नए का बिल निकाला जा रहा है। यहां पदस्थ सुपरवाइजर द्वारा ही बिना किसी जरूरत के फर्जी बिल बनाकर उसका भुगतान लिया जा रहा है जबकि जिन गाड़ियों को सुधार की जरुरत है, उसके लिए राशि नहीं होने का बहाना बनाया जा



निगम के पंप हाउस में खड़े वाहन।


रहा है। इस कारण गाड़ियां पंप हाउस में खड़ी हैं और निजी गाड़ियों का उपयोग काम के लिए किया जा रहा है। इन गाड़ियों के नाम पर भी हजारों की रकम की बंदरबांट हो रही है।

ध्यान रहे कि नगर निगम के अधिकारियों ने कुछ साल पहले 2 वैक्यूम क्लीनिंग मशीनें खरीदी थी। लाखों की लागत से खरीदी गई 1 क्लीनिंग वैक्यूम मशीन का उपयोग भी नहीं हुआ है और नगर निगम के पंप हाउस में खड़ी-खड़ी कंडम हो गई। इसी तरह 20 से अधिक गाड़ियां कबाड़ हो गईं और निगम ने ध्यान नहीं दिया। अभी भी निगम के पंप हाउस में कई गाड़ियां कबाड़ हो रही हैं, जिनमें स्वीपिंग मशीन, ट्रैक्टर, डंपर और एक्सवेटर शामिल हैं। यह गाड़ियां लाखों रुपए की हैं और कबाड़ होने की वजह से इनका नुकसान हो रहा है। ज्ञात हो कि निगम के पास 111 गाड़ियां हैं। इनमें 11 अग्निशमन यंत्र, 10 जेसीबी, 8 ट्रैक्टर, 10 डंपर के अलावा अन्य वाहन शामिल हैं। इनमें से कई के रिकॉर्ड भी गायब हो चुके हैं।

### दिए गए जांच के आदेश

निगम के दैवेभो कर्मचारियों ने वाहन शाखा में मरम्मत के नाम गड़बड़ियों की शिकायत की है। इसकी जांच कराने के आदेश दिए गए हैं। यह भी जानकारी ली जा रही है कि किन गाड़ियों में समस्या है। उन्हें सुधारा जाएगा।

**- पूजा विधानी**, महापौर



## खबर संक्षेप

### लिंगियाडीह आंदोलन को अटल ने दिया समर्थन



बिलासपुर। लिंगियाडीह बचाओ आंदोलन को बुधवार को कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने समर्थन दिया। उन्होंने धरने पर बैठी महिलाओं से बातचीत की। उन्होंने कहा है कि 40 साल पहले कांग्रेस शासन काल में तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह ने लिंगियाडीह के लोगों को पट्टा दिया था। यहां गरीब रोजी मजदूरी करने वाले परिवार यहां मकान बनाकर रह रहे थे। अब सौंदरीकरण, व्यवसायिक काम्प्लेक्स बनाने के नाम पर एक तरफ गरीबों का मकान थोड़ा जा रहा है, यहां के लोगों को सौंदर्यकरण नहीं चाहिए, यहां की जनता अपना घर बचाने के लिए सड़कों पर बैठी है। सौंदर्यीकरण नहीं गरीबों को छत मिलना चाहिए। उन्होंने कहा है कि अब हमें अपने मकान बचाने के लिए कानूनी लड़ाई लड़नी होगी। यहां के लोगों के साथ कांग्रेस खड़ी है। आज के धरना आंदोलन में प्रमुख रूप से जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद नायक, पूर्व जिला पंचायत सदस्य, ब्लॉक अध्यक्ष दीक्षित, दिलीप पाटिल, एवं लिंगियाडीह में नागरिक काफी संख्या में मौजूद थे।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले 13 बीएलओ को कलेक्टर ने किया सम्मानित



बिलासपुर। मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य में शत प्रतिशत डिजिटाईजेशन व उत्कृष्ट कार्य करने पर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टर कार्यालय में बुधवार को 13 बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। गहन पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने पर विधानसभा क्षेत्र कोटा के बीएलओ श्रवण कुमार यादव, श्रीमती अमरिका बाई, श्रीमती शैल जगत, तखतपुर की श्रीमती रेणु खांडे, मस्तुरी की श्रीमती खेमतला, श्रीमती शारदा ओरकेरा, दिनेश कुमार भारती, श्रीमती उर्वशी जगत, श्रीमती संतोषी मरकाम, श्रीमती सुकृता पावले, बिल्हा की नीली डहरिया, बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ प्रशांत शर्मा, अवधेश विमल को सम्मानित किया। इन सभी बीएलओ ने मतदाता पुनरीक्षण के अंतर्गत गणना पत्रक वितरण, पत्रक भरवाने, प्राप्त फॉर्म की पूर्ण संग्रहण और उनके ऑनलाईन एंट्री जैसे महत्वपूर्ण चरणों को दक्षता और समयबद्धता के साथ शत प्रतिशत पूरा किया।

### अघोरेश्वर महाप्रभु का महानिर्वाण 29 को



बिलासपुर। अघोराचार्य बाबा कीनाराम अघोर शोध एवं सेवा संस्थान वाराणसी के बिलासपुर शाखा के तत्वावधान में अघोर पीठ आश्रम बांसाझाल चपोरा में अघोरेश्वर महाप्रभु भगवान राम का 34 वां महानिर्वाण दिवस शनिवार 29 नवम्बर को मनाया जाएगा। अघोराचार्य बाबा कीनाराम अघोर शोध एवं सेवा संस्थान के उपाध्यक्ष एवं प्रचार सचिव विनोद तंबोली ने बताया कि आश्रम स्थल में श्रमदान के बाद पवित्र ग्रंथ सफल योनि का पाठ, अघोरेश्वर महाप्रभु के चित्र का पूजन करने के उपरांत हवन पूजन एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### रूही को मिली पीएचडी की उपाधि



बिलासपुर। डॉ.सीवी रमन विश्वविद्यालय के भाषा एवं साहित्य विभाग में अंग्रेजी विषय की शोधार्थी रूही फातिमा को उनके उत्कृष्ट शोध कार्य हेतु पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उनके शोध का शीर्षक एनेक्सिटी आफ बिंग : ए स्टडी आफ फिक्शनल राइटिंग्स आफ सलेक्टेड वुमेन राइटर्स आफ पार्टिशन लिट्रेचर है। यह शोधकार्य मार्गदर्शक डॉ. गुरप्रीत कौर के निर्देशन में सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ। शोध पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में रूही फ़ातिमा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित विद्वानों एवं गणमान्य नागरिकों ने उनके शोध कार्य की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रदान कीं। रूही फ़ातिमा वर्तमान में पीएम स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मुंगेली में व्याख्याता के रूप में सेवाएँ दे रही हैं। वे सैयद वारिस अली की पुत्री, शेख रहीम की पुत्रवधू एवं शेख तौसीफ़ की पत्नी हैं।

**शुल्क बढ़ने के बाद लगातार दिख रहा असर**

**पक्षकारों को रजिस्ट्री शुल्क में संशोधन का इंतजार**

# रजिस्ट्री आफिस में पसरा सन्नाटा, न अधिकारी, न पक्षकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राज्य सरकार द्वारा रजिस्ट्री शुल्क में बढ़ोतरी करने के बाद से रजिस्ट्री विभाग में सन्नाटा पसरा है। बुधवार को रजिस्ट्री आफिस का नजारा कुछ अलग ही नजर आया। विभाग में न तो रजिस्ट्री करने वाले अधिकारी ही मौजूद थे, न ही रजिस्ट्री करवाने वाले कोई पक्षकार। शुल्क में बढ़ोतरी के बाद लगातार विभाग में यह स्थिति नजर आ रही है।

पंजीयन शुल्क में सरकार ने बढ़ोतरी क्या कर दी, लोग रजिस्ट्री से परहेज ही करने लगे हैं। बुधवार को रजिस्ट्री विभाग का दफ्तर पूरा खाली नजर आया। जिला पंजीयक का स्वास्थ्य खराब होने के कारण वे फिलहाल अवकाश पर हैं, जिससे उनके स्थान पर रायगढ़ के जिला पंजीयक को प्रभार दिया गया है। बुधवार को वे भी कार्यालय में उपस्थित नहीं थे। इसी तरह कर्मचारियों की उपस्थिति भी काफी कम नजर आई। पक्षकारों की संख्या की बात की जाए तो बुधवार को न तो वेटिंग हॉल में और न ही पंजीयन स्थल पर एक भी पक्षकार नजर आया।आमतौर पर विभाग में



प्रतिदिन औसतन 60 से 70 रजिस्ट्री होती है, लेकिन 20 नवंबर को पंजीयन शुल्क में बढ़ोतरी आदेश आने के बाद से लोगों को पंजीयन को लेकर रूझान कम हो गया है। 20 नवंबर के बाद पंजीयन की औसत संख्या 30 में ही सिमट कर रह गई है। शासन को पंजीयन शुल्क में बढ़ोतरी करने के बाद राजस्व में लाभ तो निश्चत रूप से प्राप्त होगा, लेकिन इस बात में कोई संदेह नहीं है कि फिलहाल शासन को नुकसान हो रहा है। पंजीयन शुल्क में हुई अप्रत्याशित बढ़ोतरी के बाद प्रदेश में लगभग सभी जिलों में हो रहे विरोध प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए पक्षकारों द्वारा बढ़ोतरी आदेश वापस हो जाने या इसमें कुछ आंशिक फेरबदल होने की उम्मीद है। यही कारण है कि वे पंजीयन को लेकर थोड़ा इंतजार करना मुनासिब समझ रहे हैं।



रजिस्ट्री आफिस के खाली काउंटर।

### तहसील स्थित रजिस्ट्री आफिस में 8 में ही सिमटी संख्या

बिलासपुर जिले के अंतर्गत तहसील स्तर पर स्थापित किए गए रजिस्ट्री आफिस में पक्षकारों की संख्या तो और भी नगण्य है। यहां औसतन तीस रजिस्ट्री प्रतिदिन होती थी। शुल्क में बढ़ोतरी के बाद यह संख्या आठ तक भी नहीं पहुंच पा रही है। अधिकारियों का कहना है कि पंजीयन शुल्क में बढ़ोतरी का मामला अभी ताजा है इसलिए अभी पक्षकार नहीं आ रहे हैं, लेकिन विभाग की रौनक जल्द ही वापस लौट आएगी।

### कोटा नगर पालिका बना और बढ़ेगा रजिस्ट्री शुल्क

नगर पंचायत कोटा को शासन द्वारा नगर पालिका बना दिया गया है। इस संबंध में 24 नवंबर को राजपत्र प्रकाशन भी किया जा चुका है। राजपत्र में प्रकाशन के दिनांक से ही कोटा नगर पंचायत की सीमा अब नगर पालिका की सीमा में परिवर्तित हो जाएंगी। नगर पालिका बनाए जाने के बाद अब कोटा में रजिस्ट्री शुल्क में और भी बढ़ोतरी हो जाएगी।

### कम हो गई है रजिस्ट्री की संख्या

रजिस्ट्री शुल्क में बढ़ोतरी होने के बाद से रजिस्ट्री के लिए आने वाले पक्षकारों की संख्या काफी कम हो गई है। बीस नवंबर को शासन द्वारा शुल्क में बढ़ोतरी संबंधी आदेश जारी किए गए थे, जिसके बाद दो दिनों तक तो संख्या बिल्कुल ही कम थी। इसके बाद प्रतिदिन औसतन होने वाली रजिस्ट्री से करीब आधी रजिस्ट्री होने लगी है। फिलहाल इसकी संख्या 30 के भीतर ही है।

**-नागेंद्र पटेल**, सब रजिस्ट्रार

**चुचुहियापारा एंट्री की ओर किया गया था कार्य, एक बार फिर तोड़ा जा रहा**

# पांच साल पहले 5 करोड़ खर्च कर बना एफओबी आज से अस्थायी रूप से बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चुचुहियापारा में पांच साल पहले स्थानीय निवासियों की सुविधा के लिए यूटीएस और एफओंबी को बनाया गया था, उसे अब तोड़ने का निर्णय लिया गया है। इस कार्य को करने के लिए रेल प्रशासन ने एफओबी के रास्ते और यूटीएस कार्यालय को गुरुवार से अस्थायी रूप से बंद करने का आदेश दे दिया है।

दूसरे छोर पर चुचुहियापारा की ओर रहने वाले लोगों को रेल प्रशासन से किसी तरह की सुविधा नहीं मिल पा रही थी। इसके कारण ट्रेन में सफर करने वालों को टिकिट खरीदने के लिए लाइन पार कर आना पड़ रहा था। लोग प्लेटफार्म नम्बर 4-5 से एफओबी या फिर लाइन पार करते हुए एक नम्बर प्लेटफार्म तक पहुंचते थे, जिसमें कई



बार टीटीई और आरपीएफ की कार्रवाई का सामना करना पड़ता था। स्थानीय लोगों के साथ जनप्रतिनिधियों ने कई बार लाइन पार यानि चुचुहियापारा की ओर आरक्षण और अनारक्षित काउंटर के साथ अन्य सुविधाएं देने की मांग रेल प्रशासन के सामने की। करीब चार से पांच करोड़ रुपए की लागत से चुचुहियापारा की ओर गजरा चौक के पास जनरल टिकिट काउंटर जिसमें दो खिड़की के साथ लोगों के एक छोर से दूसरे छोर की ओर आने-जाने के लिए फुट ओवरब्रिज रैंप व सीढ़ी सहित व अन्य कार्य किया। यात्रियों के लिए करोड़ों रुपए की लागत से बने अनारक्षित टिकिट काउंटर की बिल्डिंग और अन्य कार्यों को चार साल बाद अब तोड़े जाने का निर्णय रेल अफसरों ने लिया है। इसके लिए सड़क के किनारे शेड लगा दिया गया है, जहां से आवागमन अब पूरी तरह से बंद हो चुका है। रेलवे के अनुसार अमृत भारत स्टेशन योजना में बिलासपुर स्टेशन को 400 करोड़ रुपए की लागत से पुनर्विकसित किया जा रहा है।

इसके अंतर्गत द्वितीय प्रवेश द्वार सेकेंड एंट्री में यात्रियों को बेहतर आवागमन सुविधा हेतु स्टेशन और द्वितीय प्रवेश द्वार को जोड़ने वाली फुट ओवरब्रिज में मॉडिफिकेशन कार्य होगा, जिसके कारण 27 नवम्बर गुरुवार से से यह ब्रिज और टिकिट काउंटर अस्थायी रूप से बंद किया जाएगा। ब्रिज बंद होने के बाद लोग मुख्य प्रवेश द्वार का उपयोग आने-जाने के लिए कर सकते हैं।

## बिजनेस प्लस

### अपना मार्ट मालामाल थर्सडे में मिलेगा दो गुना ऑफर




बिलासपुर। शहर के प्रतिष्ठित रिटेल चेन अपनामार्ट ने मालामाल थर्सडे को और भी बेहतर बना दिया है। इस मालामाल थर्सडे आलू और प्याज़ के साथ साथ चीनी और दाल भी बहुत ही सस्ते दरों पर मिलेंगे। गौरतलब है कि मालामाल थर्सडे शहर का सबसे अच्छा सेल माना जाता है। यहां आलू और प्याज आधे दामों पर मिलते हैं और अपनामार्ट ऐप और स्टोर पर भारी संख्या में भीड़ देखने को मिलती है। इस ऑफर को और बेहतर करते हुए अपनामार्ट ने इसमें चीनी और तूर दाल भी जोड़ दिया है। अब ग्राहकों सिर्फ 499 की खरीद पर आलू, प्याज, चीनी और दाल में से कोई भी 2 सामान ऑफर रेट पर ले सकेंगे। ऑफर आइटम में बढ़ोत्तरी होने से ग्राहकों में हर्ष की लहर दौड़ गई है। अपनामार्ट टीम ने बताया की वह ग्राहकों की बढ़ती संख्या को उच्च क्वालिटी सामान और ऑफर देने के लिए तत्पर हैं।

### लुधियाना वूलन सेल में गर्म कपड़ों की खरीददारी का अंतिम दिन आज



बिलासपुर। लिंक रोड अग्रसेन चौक स्थित होटल दी ईस्ट पार्क में इस साल की सबसे बड़ी लुधियाना वूलन सेल में ग्राहकों को किफायती दाम पर बेहतरीन सर्दियों के उत्पाद उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिसका गुरुवार को अंतिम दिन है। आयोजकों के अनुसार फैक्ट्रियों से सीधे वूलेन आइटम्स ग्राहकों तक पहुंचाया जा रहा है, जिससे दाम बेहद कम हो गए हैं।

सेल के संचालक ने बताया कि सेल में पूरे परिवार के लिए वूलन एवं फैशन उत्पादों की विस्तृत रेंज उपलब्ध है। सिंगल बेड ब्लैंकेट 349 रुपए तथा डबल बेड ब्लैंकेट 499 रुपए में आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। इसके साथ ही महिलाओं के लिए शानदार साड़ियां 199 रुपए और 399 रुपए में उपलब्ध हैं, जो सिल्क फिनिश के साथ नए डिजाइन और रंगों में ख़ास पसंद की जा रही हैं। पुरुषों एवं युवाओं के लिए भी आकर्षक विकल्प उपलब्ध हैं। जेंट्स कोरियन जैकेट 499 रुपए, फैशनेबल बॉयज़ कोरियन जैकेट 499 रुपए तथा ट्रेंडिंग लेदर्स लेडिस / जेन्ट्स 1999 रुपए में उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त इंटरनेशनल ब्रांडेड जैकेट भी मात्र 499, 999 व 1499 रु में लोगों का ध्यान खींच रही है। बच्चों की सर्दियों की रेंज भी कम कीमतों में उपलब्ध है, जिसमें वूलन कपड़े और जैकेट मात्र 199 रुपए में मिल रहे हैं। इसके अलावा गर्ल्स व बॉयज ब्रांडेड फुटवियर 199 व 499 रुपए में बेचे जा रहे हैं। महिलाओं के परिधान सेक्शन में गर्ल्स कोरियन टॉप 99 रुपए व 299 रुपए में, कोरियन जैकेट 199 रुपए व 499 रुपए के बेहद आकर्षक कीमतों पर उपलब्ध हैं। युवाओं के बीच पार्टीवियर कॉटन व फैंसी जीन्स भी चर्चा में है, जो केवल 500 रुपए में मिल रही है। सेल के आयोजक ने बताया कि बिलासपुर में हर साल यह विशेष सेल आयोजित की जाती है। इस बार प्रोडक्ट्स की वैरायटी एवं रेट्स दोनों ही पिछले साल से अधिक बेहतर हैं। शहर के खरीददारों में भारी उत्साह देखा जा रहा है और पहले दिन से ही ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है।

# सिम्स करेगा ताप विद्युत परियोजना क्षेत्र के ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर बड़ा अध्ययन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान सिम्स की ओर से एनटीपीसी सीपत ताप विद्युत परियोजना के 5 किमी दायरे में रहने वाले ग्रामीणों की स्वास्थ्य स्थिति का वैज्ञानिक मूल्यांकन करने हेतु एक महत्वपूर्ण महामारी विज्ञान एपिडेमियोलॉजिकल अध्ययन शुरू किया जा रहा है, जिसकी कुल लागत 9 लाख रुपए है। यह शोध कार्यान्वयन आधारित अनुसंधान के रूप में किया जाएगा, जिसके निष्कर्ष ग्रामीणों के स्वास्थ्य, पर्यावरणीय सुरक्षा और नीतिगत सुधार के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होंगे।

एनटीपीसी सीपत जिले का प्रमुख कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्र है, जिसकी तीन इकाइयों में लगभग 2080 मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता है और प्रतिदिन लगभग 42,000 मीट्रिक टन कोयले का उपयोग होता है। कोयले का खनन, परिवहन, दहन तथा फ्लाई ऐश का निपटान यह सभी प्रक्रियाएँ पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य दोनों के लिए संभावित रूप से जोखिमपूर्ण मानी जाती हैं। विशेष रूप से 10 माइक्रोमीटर से छोटे कण पीएम 10 फेफड़ों, हृदय और रक्तप्रवाह पर गंभीर प्रभाव डालते हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार इस क्षेत्र में उच्च रक्तचाप,



मधुमेह, एनीमिया, मलेरिया जैसी बीमारियाँ वयस्कों में अधिक पाई जाती हैं, जबकि बच्चों में कुपोषण, बौनापन और एनीमिया की स्थिति चिंताजनक है। यह क्षेत्र स्थानीय स्तर पर प्रचलित जूनोटिक रोगों की दृष्टि से भी संवेदनशील माना जाता है, जिनकी निगरानी कोविड-19 महामारी के बाद और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। इस अध्ययन का उद्देश्य ग्रामीणों की वास्तविक स्वास्थ्य स्थिति का आकलन, क्षेत्र में प्रचलित स्थानिक रोगों की पहचान, सामाजिक-जनसांख्यिकीय कारकों का विश्लेषण, तथा प्राधिकरणों को शमन उपायों की वैज्ञानिक सिफारिश उपलब्ध कराना है। शोध के निष्कर्ष ग्रामीण समुदायों के लिए दीर्घकालिक स्वास्थ्य सुरक्षा योजनाएँ तैयार करने में उपयोगी होंगे।

### विश्वसनीय आधार प्रदान करेगा

सीपत ताप विद्युत परियोजना क्षेत्र में रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दीर्घकालिक प्रभावों को समझना हमारे लिए एक सामाजिक और वैज्ञानिक जिम्मेदारी है। यह अध्ययन ग्रामीण आबादी में छिपे स्वास्थ्य जोखिमों और पर्यावरणीय प्रभावों की पहचान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुझे विश्वास है कि यह शोध नीति-निर्माताओं को ठोस हस्तक्षेपों हेतु विश्वसनीय आधार प्रदान करेगा।

**-डॉ. रमणेश मूर्ति**, अधिष्ठाता सिम्स

### सहायक सिद्ध होगा

सीपत क्षेत्र एक औद्योगिक जोन है जहाँ पर्यावरणीय प्रदूषण और उससे जुड़े स्वास्थ्य जोखिमों को अनदेखा नहीं किया जा सकता। सिम्स का यह अध्ययन ग्रामीणों की वास्तविक स्वास्थ्य स्थिति को उजागर करेगा और सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने, रोगों की रोकथाम तथा शीघ्र हस्तक्षेप रणनीतियाँ बनाने में बेहद सहायक सिद्ध होगा।

**-डॉ. लखन सिंह**, चिकित्सा अधीक्षक, सिम्स<B>

### मजबूत आधार बनेगा

यह शोध न केवल स्वास्थ्य स्थिति का आकलन करेगा, बल्कि सामाजिक-जनसांख्यिकीय कारकों, पर्यावरणीय जोखिमों और स्थानिक रोगों के आपसी संबंध को भी वैज्ञानिक रूप से उजागर करेगा। प्राप्त डेटा ग्रामीण स्वास्थ्य सुधार, बच्चों में पोषण संबंधी समस्याओं के समाधान और पर्यावरणीय शमन उपायों के लिए एक मजबूत आधार बनेगा।

**-डॉ. हेमलता ठाकुर** विभागाध्यक्ष, कम्युनिटी मेडिसिन

**राष्ट्रीय बजरंग दल के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया पहुंचे शहर**

# राम मंदिर निर्माण में गिलहरी की भांति कर्तव्य निभाया: तोगड़िया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया हिन्दुओं को अल्पसंख्यक का दर्जा दिए जाने संबंधी कश्मीर के नेता प्रतिपक्ष के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि वे चाहते हैं कि भारत में हिन्दुओं का वर्चस्व हो। वहीं अयोध्या राम मंदिर में ध्वज फहराने कार्यक्रम में निमंत्रण नहीं मिलने के सवाल पर उनका कहना है कि जिस तरह रामसेतु बांधने में गिलहरी ने अपना योगदान दिया था, उसी की भांति उन्होंने भी राम मंदिर निर्माण में अपने कर्त्तव्य का निर्वहन किया है।

देश में जगह-जगह हनुमान चालीसा सहायता केन्द्र विकसित करने के संकल्प, अभियान लेकर छत्तीसगढ़ दौरे पर आए अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया बुधवार को बिलासपुर पहुंचे। इस दौरान सर्किट हाउस में पत्रकारों ने चर्चा के दौरान उनसे कश्मीर के नेता प्रतिपक्ष सुनील शर्मा द्वारा हिन्दुओं को अल्पसंख्यक का दर्जा दिए जाने की मांग के बारे में पूछा गया तो इस पर श्री तोगड़िया ने कहा कि सुनील शर्मा कश्मीरी हैं, इसलिए वे वहां को ज्यादा बेहतर जानते होंगे, लेकिन हम तो भारत में हिन्दुओं का वर्चस्व चाहते हैं।

■ **धर्मांतरण व लव जेहाद पर जताई चिंता**

धर्मांतरण संबंधी प्रश्न पर डॉ. तोगड़िया ने कहा कि धर्मांतरण और लव जेहाद की घटना तेजी से बढ़ रही है। हनुमान चालीसा केन्द्र गांव-गांव में खोले जाने से धर्मांतरण रूकेगा, यह धर्मांतरण रोकने का एक कदम होगा। उन्होंने अपने अभियान को लेकर चर्चा करते हुए बताया कि हिन्दुओं को जगाने हर गांव में हनुमान चालीसा और हर घर में ओमश्री परिवार हो, इसके लिए हम भारत में एक लाख जगहों पर मंगलवार व शनिवार को साप्ताहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन तथा तीन करोड़ घरों में ओमश्री परिवार बनाने जा रहे हैं। हनुमान चालीसा सेंटर एक तरह हिन्दुओं का हेल्प सेंटर होगा, जिसका उद्देश्य हिन्दुओं की सहायता, सेवा और सुरक्षा करना है।

### 40 साल तक राम मंदिर बनाने मैं लोगों को निमंत्रण देता था

अंतर्राष्ट्री हिन्दू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया से अयोध्या राम मंदिर में ध्वजा फहराने अवसर पर निमंत्रण नहीं मिलने के बारे में प्रश्न किया गया तो उनका कहना था कि 40 साल तक अयोध्या में राम मंदिर बनाने के लिए वे लोगों को निमंत्रण देते थे और 50 लाख रामभक्तों के साथ राम मंदिर के लिए संघर्ष करते रहे। इस बार मुझे निमंत्रण नहीं मिला इसकी नाराजगी नहीं है, उन्हें तो प्रसन्नता है कि राम मंदिर बन गया और मंदिर में ध्वज फहरने लगा। यह पूछे जाने पर कि कोलकाता में फिर से बाबरी मस्जिद बनाने की बात हो रही है इसपर श्री तोगड़िया का कहना है कि हमने भारत में हुमांयू की औलादों मुगलों को खत्म किया और बाबरी को मिट्टी में मिला दिया।

### 27 खोली करन निवास पहुंचे तोगड़िया



अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया का आज बिलासपुर आगमन हुआ। इस अवसर पर श्री तोगड़िया 27 खोली स्थित करन सिंह के निवास पहुंचे, जहां उन्होंने परिवाजनों एवं मित्रों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जना। इस दौरान भारत के आने वाले भविष्य को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान श्री तोगड़िया ने परिवार व मित्रों के साथ स्वल्पाहार किया तथा विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस मौके पर अभिषेक त्रिवेदी, नारायण आउटी, अनिरूद्ध बगे, प्रशांत मिश्रा एवं परमजीत सिंह उबेजा सहित संगठन के महामंत्री राहुल, अनिमेश, स्वप्निल आदि भी उपस्थित रहे।



हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, गुरुवार 27 नवंबर 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



## एग्जाम अपडेट

# 10वीं बोर्ड परीक्षा का पैटर्न बदला, अब 1 से 5 अंक तक ही पूछे जाएंगे प्रश्न



**बिलासपुर।** इन दिनों दसवीं और बारहवीं के विद्यार्थी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों में जुटे हुए हैं। जनवरी माह में होने वाले प्री-बोर्ड के माध्यम से उनकी तैयारी का जायजा भी लिया जाएगा। इसी बीच छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने इस वर्ष दसवीं कक्षा का ब्लूप्रिंट बदल दिया है। नए पैटर्न के अनुसार अब केवल 1 से 5 अंकों के बीच के प्रश्न ही पूछे जाएंगे, जबकि 6 अंकों के प्रश्न इस बार परीक्षा में शामिल नहीं होंगे। ब्लूप्रिंट में हुए इस बदलाव को देखते हुए, दसवीं के विद्यार्थियों को जीव-विज्ञान विषय में बेहतर तैयारी कराने के उद्देश्य से शासकीय विद्यालय की विषय विशेषज्ञ डॉ. माधुरी बोरेकर ने अभ्यास के लिए विशेष सुझाव और महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की हैं।

### जीव-विज्ञान की बेहतर तैयारी पर टिप्स

- बड़े प्रश्नों की तैयारी डायग्राम के साथ करें।
- डायग्राम में बॉडी पार्ट्स की तैयारी जरूरी।
- डायग्राम को समझाते वक्त हिंदी या अंग्रेजी दोनों भाषाओं में लिखा जा सकता है।
- पैराग्राफ के बदले प्वाइंट बनाकर जवाब लिखें।
- धातु और अधातु रासायनिक तत्व के अध्याय की तैयारी करें।
- सूत्र याद करने के लिए पोस्टर बनाकर उसे रोजाना देखें।
- हाइड्रोजन, नाइट्रोजन और ऑक्सीजन बनाने की विधि को याद करें।

## वेकैंसी

# आरआरबी एनटीपीसी भर्ती के लिए आवेदन की लास्ट डेट नजदीक




**बिलासपुर।** रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड की ओर से नॉन टेक्निकल पॉपुलर कैटेगरी (ग्रेजुएट/ सीईएन संख्या 06/2025) भर्ती और एनटीपीसी अंडर ग्रेजुएट लेवल भर्ती के लिए आवेदन करने की लास्ट डेट 27 नवंबर निर्धारित की गई है। ऐसे में जो भी अभ्यर्थी इंटरमीडिएट या ग्रेजुएशन उत्तीर्ण हैं वे इस भर्ती में शामिल होने के लिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन पत्र भर सकते हैं। ऑफिशियल साइट के अलावा आप इस पेज पर दिए डायरेक्ट लिंक पर क्लिक करके ही आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। आरआरबी एनटीपीसी यूजी भर्ती में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/ संस्थान से इंटरमीडिएट (10+2) उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा।

### कैसे करें अप्लाई

आरआरबी एनटीपीसी अंडर ग्रेजुएट एप्लीकेशन फॉर्म भरने के लिए सबसे पहले पोर्टल पर जाना होगा। वेबसाइट के होम पेज पर आपको क्रिएट एन अकाउंट पर क्लिक करके रजिस्ट्रेशन कर लें। इसके बाद लॉग इन के माध्यम से अन्य डिटेल भरकर फॉर्म को पूरा कर लें। अंत में कैटेगरी वाइज निर्धारित शुल्क जमा करके फॉर्म को सबमिट कर दें। इस भर्ती में शामिल होने के लिए अनरिजर्व, ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस वर्ग को शुल्क के रूप में 500 रुपये जमा करना होगा वहीं एससी, एसटी, पीएच एवं सभी वर्ग की महिला अभ्यर्थियों को 250 रुपये का भुगतान करना होगा। स्टेज 1 सीबीटी 1 एग्जाम होने के बाद अनरिजर्व, ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस वर्ग 400 रुपये एवं एससी, एसटी, पीएच एवं सभी वर्ग की महिला अभ्यर्थियों को पूरा शुल्क रिफंड कर दिया जायेगा।

## एजुकेशन

# केंद्रीय, नवोदय विद्यालयों में 14 हजार पदों पर भर्ती के लिए आवेदन शुरू




**बिलासपुर।** देशभर के केंद्रीय विद्यालयों एवं नवोदय विद्यालयों में टीचिंग तथा नॉन टीचिंग के करीब 15 हजार पदों पर भर्ती निकाली गई है। इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 14 नवंबर से स्टार्ट हो गई है, जो निर्धारित अंतिम तिथि 4 दिसंबर तक जारी रहेगी। ऐसे में जो भी उम्मीदवार इस भर्ती के लिए पात्रता पूरी करते हैं, वे ऑनलाइन माध्यम से सीबीएसई ऑफिशियल वेबसाइट cbse.gov.in पर जाकर या इस पेज पर दिए लिंक से फॉर्म भर सकते हैं। नोटिफिकेशन के मुताबिक, इस भर्ती के माध्यम से टीचिंग एवं नॉन टीचिंग की 14967 पोस्ट पर नियुक्तियां की जाएंगी। इसमें से केंद्रीय विद्यालयों में 9126 पदों और नवोदय विद्यालयों में 5841 पदों पर भर्ती की जाएगी।

### एग्जाम के लिए योग्यता एवं मापदंड

इस भर्ती में भाग लेने के लिए पद के अनुसार अलग-अलग पात्रता तय की गई है। टीजीटी, पीजीटी एवं प्रिंसिपल के पदों पर आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी का मान्यता प्राप्त संस्थान से ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन एवं बीएड/ एमएड की डिग्री होनी चाहिए। नॉन टीचिंग पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों के पास स्नातक या परास्नातक सहित अन्य निर्धारित योग्यता होना अनिवार्य है। इसके अलावा अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु पदानुसार 18, 30 व 35 वर्ष और अधिकतम आयु 40, 45, व 50 वर्ष निर्धारित की गई है। हालांकि आरक्षित श्रेणी से आने वाले अभ्यर्थियों को ऊपरी उम्र में नियमानुसार छूट दी जाएगी। इस भर्ती में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी स्वयं ही ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

# न्याय, स्वतंत्रता, समता व बंधुत्व के मूल्यों को जीवन में अपनाने का आह्वान

बिलासपुर। संविधान दिवस के अवसर पर स्कूल-कॉलेजों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, अंबेडकर चौक पर सांस्कृतिक कार्यक्रम से समा बांधा। संविधान के उदेश्य को भी बताया गया, संविधान प्रस्तावना भारत को एक सार्वभौम, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित करती है। यहाँ 'सार्वभौम' का अर्थ है कि भारत पूर्णतः स्वतंत्र है और किसी भी बाहरी शक्ति के अधीन नहीं है। समाजवादी का तात्पर्य है कि देश में आर्थिक और सामाजिक समानता सुनिश्चित की जाएगी। 'धर्मनिरपेक्ष' यह स्थापित करता है कि राज्य किसी भी धर्म को अपना धर्म नहीं मानता और सभी धर्मों का समान सम्मान करता है। लोकतांत्रिक यह दर्शाता है कि सरकार जनता द्वारा चुनी जाती है और वही जनता के प्रति उत्तरदायी भी होती है। 'गणराज्य' का अर्थ है कि देश का सर्वोच्च पद कोई वंशानुगत राजा नहीं, बल्कि जनता द्वारा चुना गया प्रतिनिधि संभालता है।






संविधान दिवस पर आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

## भारत का संविधान एक जीवंत रूपरेखा, जो देता है न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व की गारंटी

संविधान दिवस के अवसर में उच्च न्यायालय में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संविधान दिवस हमारे लोकतांत्रिक आदर्शों का पुनः संकल्प विषय पर आधारित था, जिसमें न्यायपालिका की संवैधानिक मूल्यों, न्याय एवं लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा के द्वारा राष्ट्रीय गान के पश्चात, ज्ञान एवं प्रकाश के प्रतीक दीप प्रज्वलन ने साथ कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया गया। उद्बोधन में संविधान निर्माताओं की दूरदर्शिता तथा भारतीय लोकतंत्र के निर्माण में संवैधानिक मूल्यों के निर्णायक भूमिका को प्रकाशित करते हुए कहा गया कि संविधान न केवल राज्य की संरचना निर्धारित करता है बल्कि समय-समय पर




बदलती परिस्थितियों में राष्ट्र को मार्गदर्शन प्रदान करता है, प्रत्येक नागरिक की गरिमा और अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करता है। भारत का संविधान एक जीवंत रूपरेखा है, जो हमें न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व की गारंटी देता है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति केवल संविधान में नहीं, बल्कि उसके प्रभावी पालन में निहित है, भारतीय संदर्भ में संवैधानिकता कोई अमूर्त सिद्धांत नहीं है, यह प्रत्येक नागरिक के दैनिक जीवन को प्रभावित करती है। उपरोक्त कार्यक्रम में विशेष अतिथि न्यायमूर्ति संजय के अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति पार्थ प्रतीम साहू एवं न्यायमूर्ति रजनी दुबे ने भी सभा को संबोधित किया एवं लोकतंत्र को सफल बनाने में संविधान के विभिन्न आयामों पर अपने विचार व्यक्त किये और कार्यशाला को उपयोगी एवं सफल बनाने में योगदान दिए। मनोज विश्वनाथ परांजपे वरिष्ठ अधिवक्ता एवं अदिती सिंधवी अधिवक्ता के द्वारा भी अपने वक्तव्य में न्यायपूर्ण समाज के निर्माण में संविधान के महत्ता को रेखांकित किया गया।

### कलेक्टोरेट में संविधान दिवस पर शपथ



संविधान दिवस के अवसर पर जिला कार्यालय में अपर कलेक्टर ज्योति पटेल के द्वारा मंथन सभा कक्ष के बाहर संविधान के प्रति भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रआत्मक गणराज्य बनाने के लिए शपथ दिलाई गई। समस्त नागरिकों को सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक न्याय विचार अभिव्यक्त विश्वास धर्म और उपासना की स्वतंत्रता प्रतिष्ठा और अवसर की समानता प्राप्त करने संकल्प लिया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर अभिषेक दीवान, शिवकुमार कंवर, जिला कार्यालय अधीक्षक सुधा सी नायर, कर्मचारी संघ के प्रांतीय प्रवक्ता विरेंद्र कुमार साहू, जिला नाजिर शिवाजी शिंदे, सहायक नाजिर राकेश सूर्यवंशी, बड़े बाबू गोपीचंद चौहान सहित कार्यालय के सभी कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

### नवीन कॉलेज में संविधान दिवस



नवीन शासकीय महाविद्यालय सकरी में संविधान दिवस के उपलब्ध में अंतरराष्ट्रीय दिवस आयोजन समिति, राजनीति विज्ञान विभाग तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में मनाया गया। इस अवसर पर संविधान के प्रस्तावना का वाचन किया गया। राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष चित्ररेखा श्रीवास ने प्रस्तावना का वाचन करवाया। संविधान से सम्बंधित प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया। इसके लिये छात्राओं से माय भारत पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करवाया गया तथा ऑनलाइन प्रश्नों को हल करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉ रूबी मिल्होत्रा, वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ पीडी महंत,सहायक प्राध्यापक डॉ श्वेता जायसवाल, चित्ररेखा श्रीवास, ग्रंथपाल मनीषा ऊके, बरखा हलवाई सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहे।

### संविधान उद्देशिका का शपथ ग्रहण




उषा देवी मेमोरियल कॉलेज सकरी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संविधान दिवस के उपलक्ष्य में टैगोर ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुलक्षना वासनिक, डॉ मोहम्मद अख्तर रसूल तथा कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में समस्त प्राध्यापकगणों, कर्मचारीगणों एवं विद्यार्थियों को संविधान की उद्देशिका की सामूहिक शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को भारतीय संविधान के महत्व, मूल कर्तव्यों तथा नागरिक दायित्वों की जानकारी भी प्रदान की गई। भाषण, चर्चा एवं जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को संवैधानिक मूल्यों समता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुता का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया।

### लोक नृत्य के माध्यम से छात्राओं ने बांधा समा



कौशलेंद्र राव विधि महाविद्यालय संस्थान परिसर में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य सतीश तिवारी ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराते हुए छात्रों को न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुत्व के मूल्यों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। अध्यक्षता के रूप में उप प्राचार्या पुष्पलता, विशिष्ट अतिथि छात्रसंघ प्रभारी रमेश पांडेय, आशीष बाजपेयी, डॉ. आराधना गुप्ता, डॉ. स्वाति विनय श्रीवास्तव, डॉ. सोनाली पोद्दार, डॉ सुधीर गौर, अभिषेक बंजारे एवं अंकुर यादव उपस्थित रहे। वक्ताओं ने संविधान निर्माण में डॉ. भीमराव आंबेडकर के योगदान तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम में छात्रों ने व्याख्यान, प्रस्तुति एवं विचार-विमर्श के माध्यम से संविधान विषय पर सक्रिय भागीदारी निभाई। छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य के माध्यम से छात्राओं ने समां बांध दिया। प्रश्नमंच प्रतियोगिता में अलग-अलग कक्षाओं की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने बनाए मॉडल




राष्ट्रीय संविधान दिवस के अवसर पर भारत माता अंग्रेजी माध्यम शाला में एक दिवसीय वार्षिक विज्ञान और वाणिज्य प्रदर्शनी होप का आयोजन किया गया। शाला के प्राचार्य फादर सलीन पी के नेतृत्व में बच्चों में सृजनशीलता और अनुसंधान का गुण विकसित करने के लिए एक दिवसीय इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समृद्धि और विकसित भारत के लिए नवाचार विषय पर बच्चों ने एक से बढ़कर एक मॉडल्स की प्रस्तुति दी। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का उपयोग कर जन सामान्य की समस्याओं को हल करने के अपने इनोवेशन को प्रस्तुत किया। विज्ञान और वाणिज्य संकाय से 80 ज्यादा मॉडल्स की प्रस्तुति की गई। प्राथमिक शाला के बच्चों ने भी बढ़ चढ़कर मॉडल्स प्रस्तुत किए पर्यावरण अनुकूल साउंड प्रूफ हाउस, उन्नत स्मार्ट डस्टबिन,स्मार्ट कृषि प्रणाली ,मेड रोबो, एयरोप्लेन क्रैश प्रोटेक्शन डिवाइस, वॉकिंग डस्टबिन, स्मार्ट पार्किंग जैसे ई मॉडल का प्रदर्शन किया गया।

### संविधान ने किया संवेदनाओं को समेटने का काम



अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय में संविधान की उद्देशिका का वाचन किया गया, तत्पश्चात एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्ता कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ बाजपेई ने कहा भारतीय संविधान में ब्रिटिश इंडिया एक्ट से बहुत सारी नियमावली ली गई है। साथ ही अमेरिका और फ्रांस के संविधान से बहुत सारी नियमावली ली गई भारतवर्ष का समाज वह आरोपित नियमावली से नहीं चलता बल्कि धर्म से निरंतर चलता है। भारतीय संविधान समरस समाज के रूप में स्थापित है। इसमें भारतवर्ष के वैदिक सनातन संस्कृति को भी समाहित किया गया है। वर्तमान समय में भारतीय संविधान के दुरुपयोग करने वालों को रोकने के लिए बहुत से कार्य किए जाने की जरूरत है,अभिव्यक्ति की आजादी की भी समीक्षा की जाने की आवश्यकता प्रतीत होती है। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम समन्वयक डॉ मनोज सिन्हा ने किया तथा आभार डॉ एच एस होता ने किया।

## स्पोर्टर्स न्यूज

# पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में रेलवे की महिला टीम प्रथम रनरअप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

देहरादून में नॉर्दर्न रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित 21वीं पुरुष एवं 15वीं महिला अखिल भारतीय रेलवे पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ की महिला पावरलिफ्टिंग टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 46 अंक अर्जित किए तथा महिला टीम चैंपियनशिप में प्रथम रनर-अप का गौरव प्राप्त किया। टीम की खिलाड़ियों ने अपने-अपने भार वर्ग में उत्कृष्ट दक्षता और अदम्य जिजीविषा का



परिचय देते हुए एक स्वर्ण, दो रजत एवं दो कांस्य पदक जीते। 57 किलोग्राम भार वर्ग में जे. रामलक्ष्मी ने कुल 485 किग्रा भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि इसी वर्ग में ममता राजक ने 450 किग्रा भार के साथ रजत पदक प्राप्त किया। 63 किलोग्राम भार वर्ग में संतोषी मांझी ने कुल 432.5 किग्रा भार उठाकर कांस्य पदक अर्जित किया। 84 किलोग्राम वर्ग में प्रीति ने 510 किग्रा भार के साथ रजत तथा जानवी जगदीश ने 507.5 किग्रा भार के साथ कांस्य पदक जीता।

इन सभी शानदार उपलब्धियों ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का गौरव बढ़ाया है तथा टीम की सामूहिक मेहनत और प्रतिबद्धता को मजबूती से स्थापित किया है। टीम की विजेता महिला खिलाड़ियों ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक कार्यालय पहुँचकर महाप्रबंधक तरुण प्रकाश से सौजन्य भेंट की।

महाप्रबंधक ने सभी खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए कहा कि खिलाड़ियों का यह प्रदर्शन रेलवे के लिए प्रेरणास्त्रोत है और वे भविष्य में भी इसी उत्साह एवं समर्पण के साथ नई ऊँचाइयाँ प्राप्त करेंगी।

# फुटबॉल स्पर्धा कल से होगी प्रारंभ

एलसीआईटी कालेज ऑफ़ कॉमर्स एंड साइंस बोदरी की फुटबॉल पुरुष टीम का चयन परिक्षेत्र स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए किया गया है। क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया की परिक्षेत्र स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 28 से 30 नवंबर तक डी पी विप्र महाविद्यालय की मेजबानी में एनईआई रेलवे फुटबॉल मैदान में आयोजित होगा। फुटबॉल प्रतियोगिता मे भाग लेने के एलसीआईटी कालेज ऑफ़ कॉमर्स एंड साइंस फुटबॉल टीम का चयन ट्रायल के आधार पर प्रतियोगिता के लिए किया गया है, टीम काफ़ी संतुलित है और अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। पिछले वर्ष टीम सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था इस बार भी टीम फाइनल मे प्रवेश करने का प्रबल दावेदार है।



## खबर संक्षेप

### लालाकापा में मना संविधान दिवस



**मुंगेली।** जिले के ग्राम पंचायत लालाकापा के जयस्तंभ चौक पर संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से धर्मेन्द्र चतुर्वेदी, देवचंद डाहिरे, रोशन चतुर्वेदी, एकेश्वर दिवाकर, धनीराम साहू, गुवेंद्र चतुर्वेदी, तिलक, समारू, दिलेश, भगवती साहू, गोविंद, ढोला, डीगू, सोहम आदि बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### बाबा साहब की प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण



**मोपका।** नया तालाब अंबेडकर चौक मोपका के पास संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के पास कैंडल जलाकर एवं प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सूर्यवंशी समाज के अध्यक्ष नंदकिशोर लहरिया, राना केवरा, सुभास केवरा, गोपी सूर्यवंशी, अमित दर्वे, सोनू केवरा, चेला राम सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### मितानिनों को किया गया सम्मानित



**मोपका।** वार्ड क्रमांक 47 के पार्षद मोहन श्रीवास की ओर से मितानिन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में श्रीफल व साड़ी देकर मितानिनों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर पार्षद मोहन श्रीवास, साखन दर्वे, हरीश सूर्य, अविनाश केवरा, मनोज यादव, पूजा श्रीवास, नंदनी दर्वे सहित अनेक लोग उपस्थित थे। सम्मान पाने वाली मितानिनों में मीना केवरा, सहोदरा साहू, सुषमा साहू, ममता धुरी, राजकुमारी धनुहार, रूपा साहू, शशि यादव, लक्ष्मीन चंद्रा, लक्ष्मीन केवट, पद्मनी साहू, आरती सूर्यवंशी आदि शामिल हैं।


### विचारपुर शुक्लाभाठा में धान खरीदी शुरू



**सेतगंगा-मुंगेली।** सेवा सहकारी समिति सिंगारपुर के अंतर्गत संचालित उपार्जन केंद्र विचारपुर शुक्लाभाठा में धान खरीदी सत्र का शुभारंभ पारंपरिक विधियों के साथ में हुआ। समारोह का नेतृत्व सतनाम सेना युवा जिलाध्यक्ष एवं सभापति प्रतिनिधि नेमसिंह बोगी बारमते ने किया। उन्होंने पूजा-अर्चना कर धान तौल प्रक्रिया का शुभारंभ किया। ग्राम पंचायत सुकलाभाठा सरपंच उमेश गबेल ने खरीदी केंद्र में पहुंचने वाले किसानों का पुष्पमाला से आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान उपस्थित किसानों में साधुराम बारमते, रूपई साहू, गुड्डु ठाकुर, प्रमोद गबेल, भजन बंजारे एवं लवकेश गर्ग शामिल रहे।

### नाबालिग से छेड़छाड़ आरोपी जेल दाखिल

**सीपत।** नाबालिग से छेड़छाड़ की शिकायत पर सीपत पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक रविवार 23 नवंबर दोपहर लगभग 2:30 बजे नाबालिग अपने घर में सोई हुई थी, इसी दौरान ग्राम धनिया के योगेश शर्मा ने घर में घुस कर उसके साथ छेड़छाड़ की। पीड़िता ने घटना की जानकारी अपने पिता को दी एवं मंगलवार 25 नवंबर को पिता के साथ सीपत थाने पहुंच कर घटना की शिकायत दर्ज कराई गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी सीपत ने विशेष टीम गठित कर आरोपी की तलाश शुरु की। पुलिस ने कुछ ही घंटों में आरोपी योगेश शर्मा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।



### धान बेचने भूमि के आधार पर तय होगी टोकन की संख्या

**मुंगेली।** शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जिले में धान उपार्जन कार्य सुचारू रूप से जारी है। टोकन वितरण को लेकर किसानों के बीच बनी आशंकाओं को दूर करते हुए जिला प्रशासन ने स्पष्ट दिशा–निर्देश जारी किए हैं। अब भूमि आधारित टोकन की संख्या तय होगी। जिला खाद्य अधिकारी हुलेश डड़सेना ने बताया कि, 2 एकड़ तक खेती करने वाले किसान 1 टोकन में पूरा धान बेच सकेंगे। 2 एकड़ से अधिक तथा 10 एकड़ तक भूमि वाले किसानों को 2 टोकन प्रदान किए जाएंगे एवं 10 एकड़ से अधिक वाले किसानों को 3 टोकन उपलब्ध होंगे।

## अंचल में संविधान दिवस पर हुआ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

# डा. अम्बेडकर ने की सामाजिक न्याय व समता की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

संविधान दिवस केवल एक औपचारिकता नहीं बल्कि लोकतंत्र की आत्मा से जुड़ने का दिन है। डॉ भीमराव अंबेडकर द्वारा संविधान निर्माण के माध्यम से सामाजिक न्याय और समानता की स्थापना की है। संविधान का हर अनुच्छेद एक विचार, एक संकल्प और एक राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देता है। बाबा साहब ने वंचितों, पिछड़ों और समाज के अंतिम व्यक्ति के अधिकारों की रक्षा के लिए जो कठिन परिश्रम किया है, वो सभी के लिए प्रेरणादायी है।

उक्त बातें संविधान दिवस के अवसर पर ग्राम अमसेना में आयोजित डॉ अंबेडकर मूर्ति भूमिपूजन कार्यक्रम में तखतपुर विधायक डॉ धर्मजीत सिंह ने कही। उन्होंने सूर्यवंशी समाज की मांग पर अमसेना में 20 लाख के सामुदायिक भवन बनवाने की घोषणा की। भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि, संविधान सभी को अधिकार देता है, लेकिन इसके साथ-साथ हमे कर्तव्यों के पालन की जिम्मेदारी भी सौंपता है। यदि हम अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहेंगे, तभी राष्ट्र सशक्त बनेगा। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने कहा कि, संविधान से हमें यही सीख देता है कि देश की प्रगति तभी संभव है, जब हर व्यक्ति को समान अवसर मिले। जिला पंचायत सदस्य प्रकाश सूर्या,जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विनोद साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। कार्यक्रम में जनपद सभापति तुलसी कौशिक, नंदकिशोर डहरिया, बिसाहू राम आनंद, परिक्षेत्र अध्यक्ष सुशील सूर्यवंशी, राधेश्याम मंजारे, शिवकुमार सूर्यवंशी, रोशनी विनोद दास मानिकपुरी, गोरेलाल लिबर्टी, अमित कुमार गढ़ेवाल, बलदेव गढ़ेवाल, रोहित गढ़ेवाल, रामनारायण लिबर्टी, शिवकुमार त्रिलोकी, अंबिका बाई गढ़ेवाल, श्वेतांबरी लिबर्टी, शतरूपा डोंगरे, छतौना सरपंच राधिका राकेश कौशिक, मिलापचंद गढ़ेवाल, संजीव गढ़ेवाल, दीपक डोंगरे, बाला लिबर्टी, कल्याणी डोंगरे, नीली त्रिलोकी, अंजली डोंगरे, जवाहर त्रिलोकी, राजेश गढ़ेवाल, दयाराम लिबर्टी, भागीरथी गढ़ेवाल सहित बड़ी संख्या में सूर्यवंशी समाज के पदाधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। इस मौके पर संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति स्थापना के लिए भूमिपूजन किया गया।



कार्यक्रम में विधायक धर्मजीत का सममान करते नागरिक।



### अमृत सरोवर परिसरों में संविधान दिवस कार्यक्रम

**मुंगेली।** जनपद पंचायत मुंगेली अंतर्गत आदर्श अमृत सरोवर रामगढ़ सहित सभी अमृत सरोवर परिसरों में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार एवं राज्य शासन के निर्देशानुसार आयोजित किया गया, जिसके तहत आमजनों को संविधान के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ जल संरक्षण एवं नागरिक कर्तव्यों पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम से न केवल संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाया, बल्कि अमृत सरोवरों को संरक्षित करने की सामुदायिक भावना को भी मजबूत किया। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन से हुई। इस दौरान उपस्थित ग्रामीण, छात्र-छात्राएं, स्वसहायता समूह की सदस्य, नरेगा श्रमिक, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारियों ने संविधान में निहित आदर्श, न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व का पालन करने तथा जल संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान सरोवर परिसर में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठन एवं शपथ ग्रहण, संविधान दिवस के महत्व एवं पृष्ठभूमि पर संक्षिप्त जागरूकता कार्यक्रम, जल संरक्षण, अमृत सरोवर की साफ-सफाई एवं सुरक्षा की प्रतिज्ञा आदि कई गतिविधियां आयोजित की गईं।

### कलेक्टर ने दिलाई संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ



**मुंगेली।** संविधान दिवस पर 26 नवम्बर को जिला कलेक्टोरेट परिसर में भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पाठन किया गया। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने मौजूद सभी अधिकारी-कर्मचारियों को संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई। कलेक्टर ने संविधान में प्रदत्त अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश देते हुए कहा कि, भारतीय संविधान में सामाजिक, आर्थिक न्याय, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म एवं समता आदि के अधिकार प्रदान किए गए हैं। हमें राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने के लिए कटिबद्ध रहना चाहिए। इस अवसर पर अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, डिप्टी कलेक्टर मायानंद चंद्रा एवं सारिका मित्तल सहित जिला कलेक्टोरेट के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### स्वामी विवेकानंद स्कूल में मना संविधान दिवस



**बेलतरा।** स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर बेलतरा में संविधान दिवस बड़े ही उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यालय के बच्चे एवं शिक्षकों ने अंबेडकर चौक बेलतरा में डॉ भीमराव अंबेडकर की पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात विद्यालय में सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर बच्चों को संविधान के विषय में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संविधान के इतिहास, महत्व और मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी दी गई। शिक्षकों ने संविधान की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को लोकतांत्रिक मूल्यों का पालन करने हेतु प्रेरित किया कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक रामपुरी ताम्रकार सहित विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### उत्साह के साथ मनाया गया संविधान दिवस




**सीपत।** ग्राम पंचायत दर्राभांठा में बुधवार को संविधान दिवस पूरे उत्साह, गरिमा और राष्ट्रभक्ति के वातावरण के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सरपंच एनल धृतलहरे ने समस्त जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में डॉ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापना के हेतु भूमिपूजन किया गया। इस दौरान पंचायत द्वारा मितानिनों को श्रीफल एवं साल भेंट कर सम्मानित किया गया, जिससे महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का मनोबल और अधिक बढ़ा। कार्यक्रम में जगदीश कश्यप, सफेदलाल लक्ष्मी केशर, सोमेश्वर नवरंग, सुजान शरण, गफूर खान, हरप्रसाद भारद्वाज, मेलन श्रीवास, पृथ्वीपति, जयप्रकाश, अशोक, टीकम चंद्राकर, रमेश चंद्राकर, भुवनेश्वर पटेल, राघव रात्रे, महेंद्र दास, दीपक चंद्राकर, महेंद्र रात्रे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### गर्ल्स स्कूल में संविधान दिवस पर निबंध प्रतियोगिता



**तखतपुर।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला तखतपुर में संविधान दिवस के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में भारतीय संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ाना, लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ विकसित करना तथा नागरिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति संवेदनशील बनाना था। प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र शुक्ला ने छात्राओं से संविधान में निहित समानता, स्वतंत्रता, न्याय और विश्व बंधुत्व के मूल सिद्धांतों को अपने व्यवहार में अपनाने का आह्वान किया। निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं से 12वीं तक की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निबंध 'भारतीय संविधान हमारी पहचान, संविधान और हम तथा नागरिक कर्तव्य एवं जिम्मेदारी' जैसे विषयों पर लिखा गया। निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं की समझ, अभिव्यक्ति और संवेदनशीलता का अवलोकन गया। नवमी से मानसी सोनवानी, दसवीं से गरिमा महिलांगे, ग्यारहवीं से रितु भारद्वाज एवं बारहवीं उर्वशी पांडेय को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर रश्मि श्रीकांत मिश्रा, मिनाज खान, कामिनी गुप्ता, मीनाक्षी शर्मा, मयंक यादव, स्वीटी सिंह, आमोद एक्का, बलिराम सूर्यवंशी, अंकित विश्वकर्मा, जेडी कुजूर, गिरधारी वैष्णव, सलीम बंजारे सहित अन्य उपस्थित रहे।



### अग्रसेन कॉलेज में संविधान दिवस कार्यक्रम

**बिल्हा।** शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय बिल्हा में संविधान दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सावित्री त्रिपाठी की अध्यक्षता में राजनीति शास्त्र विभाग, यूथ रेडक्रॉस सोसायटी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा एवं राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भारतीय लोकतंत्र की संवैधानिक विरासत को सम्मान व गौरव के साथ अभिव्यक्त कर संविधान से संबंधित अपने प्रश्न रखे। कार्यक्रम में समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## कुलसचिव ने किया महात्मा गांधी कालेज का निरीक्षण

**बिल्हा।** महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलसचिव यशवंत कैरम ने बुधवार को विश्वविद्यालय के अधीन संचालित महाविद्यालय बिल्हा हथनी का निरीक्षण किया। उनके साथ डीनध डॉ तोरण लाल साहू भी उपस्थित रहे। कुलसचिव ने महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, प्रयोगशालाओं, अनुसंधान कार्यों तथा प्रायोगिक खेतों का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ महाविद्यालय के सुरेश कुमार सहायक प्राध्यापक, पुष्पांजलि पंकज सहायक प्राध्याप, डॉ राकेश गिरी गोस्वामी अतिथि शिक्षक, डॉ यामिनी सिवाना अतिथि शिक्षक, डॉ संध्या साहू अतिथि शिक्षक, डॉ मक्सूदन वर्मा अतिथि शिक्षक, डॉ मुकेश पटेल अतिथि शिक्षक, डॉ रोहित कुमार अतिथि शिक्षक आदि मौजूद रहे।



कुलसचिव ने प्रायोगिक खेतों में जारी फसल प्रदर्शन, छात्र प्रैक्टिकल गतिविधियों तथा शोध कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने शिक्षकों से शिक्षण-प्रशिक्षण की गुणवत्ता, व्यावहारिक शिक्षा को और सुदृढ़ करने तथा विद्यार्थियों की भागीदारी बढ़ाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की। कुलसचिव ने हथनी महाविद्यालय के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि, उद्यानिकी एवं वानिकी से जुड़े छात्रों को तकनीकी और व्यवहारिक ज्ञान से परिपूर्ण करना विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी शिक्षकों को अपनी जिम्मेदारियों को बेहतर ढंग से निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।

### मोनिका ने की स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों की समीक्षा

**मुंगेली।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत राज्य सलाहकार मोनिका सिंह ने बुधवार को जनपद पंचायत मुंगेली के ग्राम बरदुली, डोमनपुर, छतौना, फरहदा और सेमरचुवा का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गांवों में संचालित ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, सामुदायिक सहभागिता, स्वच्छता व्यवहार में सुधार तथा मिशन की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के समय जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी, महिला स्वसहायता समूह की सदस्य, स्वच्छाग्रही, सरपंच, सचिव एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। श्रीमती सिंह ने सभी ग्रामों में स्वच्छता कार्यों को गति देने, गुणवत्ता सुनिश्चित करने, तथा जनसहभागिता बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों को दैनिक जीवन में स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया और कहा कि, स्वच्छ भारत मिशन तभी सफल होगा जब ग्रामीण, पंचायत और प्रशासन मिलकर संयुक्त प्रयास करेंगे।

## जपं की सामान्य सभा में योजनाओं के क्रियान्वन की समीक्षा



**तखतपुर।** जनपद पंचायत तखतपुर में बुधवार को जनपद की सामान्य सभा की बैठक जनपद अध्यक्ष डॉक्टर माधवी वस्त्राकार की अध्यक्षता में दोपहर 1 बजे आयोजित की गई। सर्वप्रथम बैठक में पिछली बैठक की कार्यवाहियों की समीक्षा जनपद सदस्यों ने की। इस दौरान एक बार फिर पीएचई विभाग के अधिकारी के द्वारा कार्य पूर्ण नहीं होने से जनपद सदस्य ने जमकर नाराजगी जाहिर की।

उन्होंने कहा कि, विगत 8 महीनों से वे अपने क्षेत्र के एक ही समस्या को विभाग के अधिकारियों को अवगत कराते आ रहे हैं, परंतु आज तक वह समस्या दूर नहीं हो पा रही है। शिक्षा विभाग के अधिकारी ने बताया कि, इस वर्ष क्षेत्र के 10 स्कूलों के मरम्मत के लिए स्कूलों को 18 लाख आबंटन प्राप्त हो चुका है। कोड़पुरी में बोर्ड परीक्षा का केंद्र रखने और जरौंधा हाइ स्कूल भवन मरम्मत की मांग जनपद जनपद सदस्यों ने रखी। जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी ने गनियारी में बने नवीन मिडिल स्कूल भवन के गुणवत्ता पर सवाल करते हुए जांच करने का प्रस्ताव लाया, साथ ही युक्तियुक्तक्ररण में दूसरे स्कूल के लिए भेजे शिक्षकों के साथ साठगांठ कर वापस उसी स्कूल में पदस्थापना देने का आरोप लगाया। इस पर बीईओ ने जिला समिति के आदेश पर पदस्थापना की जानकारी दी। जनपद सदस्यों ने सहकारिता विभाग के चर्चा पर विभागीय अधिकारियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि, अभी वर्तमान में धान खरीदी प्रारंभ हो गई है। किसान आज भी पंजीयन के लिए भटक रहे हैं, और अधिकारी बैठक से गायब हैं। बैठक में सदस्यों ने राइसमिलों के एनओसी संबंधी जांच करने का प्रस्ताव लाया गया। महिला बाल विकास विभाग अधिकारी से जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार ने क्षेत्र में कुपोषित बच्चों के संबंध में जानकारी ली। वहीं जनपद सदस्य ऋषभ कश्यप ने जुलाई अगस्त के देयक राशि में अधिकारी की मनमानी कटौती पर सवाल उठाया। जनपद सदस्य श्याम सिंह ने आंगनबाड़ी केंद्रों में एक्सपायरी रेडी टू ईट वितरण करवाने का भी आरोप लगाया। इस अवसर पर जपं उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, जपं सदस्य श्याम सिंह ध्रुव, दुर्गा राजू सिंह, ऋषभ कश्यप, बबीता देवी जांगड़े, लक्ष्मी दुर्गा साहु, संगीता, सीमा अश्वनी श्रीवास, गीता कृष्ण कुमार यादव, रामकुमार सिंगरौल, कविता महेश यादव, जया जलेश्वर साहू, रंजना तुलसी कौशिक, दिलीप कुमार ध्रुव, सालनी सुभाष गड़ेवाल, अरुण चौहान, परमेश्वर पटेल, सावित्री बलराम श्रीवास, रानी रवि सोनी, लखन लाल सूर्यवंशी, मेलन बाई, हीरा सिंह, गोपी क्षत्री सहित विभागीय अन्य उपस्थित रहे।

### मंत्री रजवाड़े ने की विभागीय कामकाज की समीक्षा

# जिला स्तरीय नियुक्तियां तीन माह में सुनिश्चित करने के निर्देश

> ■ लोगों को बाल-विवाह मुक्त प्रदेश की दिलाई गई शपथ

**गौरेला।** महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने जीपीएम प्रवास के दौरान विभागीय कामकाज की समीक्षा की। न्यू सर्किट हाऊस गुरूकुल रोड गौरेला में आयोजित समीक्षा बैठक में विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची, जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा, उपाध्यक्ष राजा उपेन्द्र बहादुर सिंह, कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी एवं जिला पंचायत सीईओ मुकेश रावटे सहित दोनों विभागों के जिला एवं मैदानी अधिकारी उपस्थित थे। श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि, महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण विभाग की योजनाओं के माध्यम से छोटे बच्चों, महिलाओं और दिव्यांग एवं वृद्धजनों की सेवा का अवसर मिलता है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों को विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने और सेवा भाव से जन सेवा करते हुए विकसित जिला, विकसित प्रदेश एवं विकसित देश बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने कहा। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका सहित विभिन्न संस्थाओं में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी करने से नियुक्ति तक सम्पूर्ण प्रक्रिया अधिकतम तीन माह के भीतर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची ने कहा कि, जीपीएम नया जिला है। उन्होंने जिले के विकास और जनहित का कार्य पारदर्शिता और निष्ठापूर्वक करने अधिकारियों को निर्देश दिए। विधायक श्री मरपच्ची ने बैठक में उपस्थित सभी को 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की एवं 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का विवाह नहीं करने की शपथ दिलाई। उन्होंने बाल विवाह के रूप में व्याप्त बुराई का सदैव विरोध करने, बाल विवाह होने पर इसकी सूचना तुरंत पंचायत एवं संबंधित विभाग के अधिकारी को देने के साथ ही बाल विवाह मुक्त जिला एवं बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने की दिशा में आमजनों को जागरूक करने और पूरी ईमानदारी से हर संभव प्रयास करने की शपथ दिलाई। जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अमित सिन्हा ने विभागीय योजनाओं, गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी।




## कवयित्री पूर्णिमा को उत्कृष्ट साहित्य शौर्य सम्मान




**बिलासपुर।** धरा वंदन छत्तीसगढ़ साहित्य एवं संस्कृति मंच की ओर से शहर की सुप्रसिद्ध साहित्यकार, लेखिका एवं कवयित्री पूर्णिमा तिवारी को उत्कृष्ट साहित्य शौर्य सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनकी चर्चित रचना 'तिरंगे में लिपट जाऊं' में उत्कृष्ट सृजनात्मकता और साहित्यिक योगदान के लिए प्रदान किया गया। पूर्णिमा तिवारी बिलासपुर की जानी-मानी कवयित्री हैं। साहित्य जगत में उनकी सक्रिय उपस्थिति और निरंतर सृजनशीलता ने उन्हें एक विशिष्ट पहचान दिलाई है। कई साझा संकलनों में उनके लेख और कविताएं प्रकाशित हो चुकी हैं, जिन्हें पाठकों और साहित्यकारों ने सराहा है। सम्मान प्राप्त करने पर शहर के साहित्यकारों, पाठकों और परिजनों ने पूर्णिमा तिवारी को शुभकामनाएं दीं। मंच के सदस्यों ने कहा कि, पूर्णिमा तिवारी की रचनाएं देशभक्ति, संवेदनशीलता और सामाजिक सरोकारों से ओत-प्रोत रहती हैं, जो नए साहित्यकारों के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

## खबर संक्षेप

### पांच सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टोरेट का घेराव आज

**बिलासपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गुरुवार को दोपहर 12 बजे कलेक्टोरेट का घेराव किया जाएगा। कांग्रेस द्वारा यह घेराव सड़कों की दुर्दशा, बिजली बिल के नाम से आमजनों से हो रही वसूली और धान खरीदी में व्याप्त भारी अव्यवस्था समेत बिलासपुर जिले में छोटे जमीन की रजिस्ट्री में अघोषित रोक एवं भूमि, भवन की रजिस्ट्री दरों में बेतहाशा वृद्धि के विरोध तथा गरीबों के झोपड़ियों में बुलडोजर चलाने के विरोध में किया जाएगा। ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी व शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने बताया कि घेराव से पहले कांग्रेसजन कांग्रेस भवन में एकत्रित होंगे, उसके बाद कलेक्टोरेट घेराव के लिए रवाना होंगे।

### अश्लील वीडियो अपलोड करने वाला युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सोशल मीडिया इंस्टाग्राम में बच्चों का अश्लील वीडियो अपलोड करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोनी टीआई भावेश शेंडे ने बताया, वर्ष 2022 में सेंदरी निवासी शुभम भारद्वाज पिता भूपेन्द्र भारद्वाज के द्वारा बच्चों की अश्लील पौर्न वीडियो सोशल मीडिया इंस्टाग्राम में अपलोड कर शेयर किया गया था। पुलिस ने जांच के बाद 67 बी आईटी एक्ट, 15, 2 पाक्सो एक्ट व बीएनएस की धारा 238 के तहत युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### करंट से झुलसे युवक की इलाज के दौरान मौत

**बिलासपुर।** साइन बोर्ड लगाने के दौरान हाईटेंशन बिजली तार की चपेट में आकर झुलसे युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस जांच में जुट गई है। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया, मस्तूरी भदौरा निवासी अजय खरे पिता हेमंत खरे 26 साल सिरगिट्टी क्षेत्र के आरके रेसीडेंसी के पास किराए में दुकान लिए हैं। 22 नवंबर को दुकान के उपर साइन बोर्ड लगा रहे थे। इसी दौरान हाईटेंशन बिजली तार की चपेट में आकर झुलस गए थे। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 26 नवंबर को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### पांचवी की छात्रा को 50 रुपए देकर छेड़खानी

**बिलासपुर।** घर में घुसकर सो रही पांचवी की छात्रा को उठाकर 50 रुपए देकर छेड़खानी करने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सीपत टीआई राजेश मिश्रा ने बताया, क्षेत्र की रहने वाली एक पांचवी कक्षा की छात्रा 23 नवंबर को दोपहर 2.30 बजे घर में टीवी देखते हुए सो गई। इसी दौरान ग्राम धनिया निवासी योगेश शर्मा पिता प्रमोद शर्मा घर में घुसकर छात्रा को उठाकर 50 रुपए देने लगा। छात्रा ने मना किया तो वह उसके साथ अश्लील छेड़खानी करने लगा। छात्रा के शोर मचाने पर वह घर से निकलकर भाग गया था। 24 नवंबर को रात 8.30 बजे छात्रा गांव पैदल आ रही थी। इसी दौरान योगेश शर्मा बाइक से आया और छात्रा का हाथ पकड़कर जबरदस्ती बाइक में बैठाने की कोशिश करने लगा। हाथ छुड़ाकर छात्रा भागकर घर गई और अपने पिता को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने छात्रा के पिता की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 74, 75, 2, 333 व 8, 10 पाक्सो एक्ट के तहत युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

## बनने लगी सड़क...





## वर्षों बाद हो रही सड़क की मरम्मत

**बिलासपुर।** गौरव पथ पर नर्मदा नगर चौक के आगे का एक हिस्सा पिछले कई सालों से धंस गया था। सड़क के नीचे अंडरग्राउंड सीवरेज की पाइप लाइन होने के कारण यह हिस्सा लगातार दबता जा रहा था, बारिश होने पर इस हिस्से में पानी भर रहा था, जिससे आने जाने वालों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अब निगम ने इस हिस्से की मरम्मत का काम शुरू कराया है। सड़क उखाड़कर बनाई जा रही है। इससे आने वाले दिनों में समस्या दूर होने की संभावना है। हालांकि इस सड़क के निर्माण के चलते नर्मदा नगर चौक से आगे ट्रैफिक आधी सड़क पर चल रहा है, जिससे रह रहकर जाम लग रहा है।

### मल्हार स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में दिन भर हंगामा, धरने पर बैठे छात्र

# टायलेट टूटे, दीवारों में सीपेज... छात्र की मौत से भड़का आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मल्हार स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में दसवीं कक्षा के छात्र की मौत के बाद छात्रों का आक्रोश बुधवार को भड़क गया। छात्र-छात्राओं ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए स्कूल गेट के सामने विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया और दिन भर धरने पर बैठे रहे। छात्र कलेक्टर को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। हालांकि, कलेक्टर संजय अग्रवाल ने छात्र की मौत को गंभीर माना और मस्तूरी एसडीएम को जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

मामला मल्हार स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय का है। छात्र हर्षित यादव की मौत के बाद छात्रों ने भी इलाज में देरी और लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। नाराज छात्र और छात्राएं प्रबंधन के खिलाफ बुधवार को नारेबाजी करते हुए सड़क पर उतर आए। जिसके बाद स्कूल गेट के बाहर बैठकर धरना-प्रदर्शन करने लगे। उनका कहना है कि हर्षित की तबीयत बिगड़ने पर न समय पर इलाज मिला और न ही एंबुलेंस की व्यवस्था की गई। समय रहते उसका इलाज होता तो उसकी जान बच जाती। लेकिन, प्रबंधन की लापरवाही और मनमानी के चलते उसकी हालत गंभीर होती चली गई। समय पर इलाज नहीं मिलने से उसकी मौत हो गई।



स्कूल के बाहर विरोध प्रदर्शन करते बच्चे।

### मजबूरी में बाइक पर बैठाकर ले गए पिता

मजबूरी में पिता ने बेटे को कपड़े से बांधकर बाइक पर बैठाया और बिलासपुर के एक निजी अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने बताया कि उसे निमोनिया है और इलाज में देर नहीं होनी चाहिए थी। इसके बाद पिता हर्षित को घर ले आए। रविवार को हर्षित घर पर ही रहा, लेकिन सोमवार सुबह उसकी हालत अचानक फिर बिगड़ गई। परिवार उसे दोबारा बिलासपुर के उसी अस्पताल ले गया, जहां उसे आईसीयू में भर्ती किया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### हॉस्टल की हालत बहुत खराब

छात्रों ने बताया कि हॉस्टल की हालत बहुत खराब है। टॉयलेट टूटे हुए हैं, दीवारों में सीपेज है, पंखे नहीं चलते और सफाई की व्यवस्था भी ठीक नहीं है। 500 छात्रों के लिए सिर्फ 3 सफाई कर्मचारी हैं, जिसके कारण हॉस्टल और शौचालयों में हमेशा गंदगी और बदबू रहती है। छात्रों ने कहा कि प्री-बोर्ड परीक्षा चल रही है, फिर भी उन्हें सड़क पर उतरकर विरोध करना पड़ रहा है। इसलिए कलेक्टर को आकर स्कूल की खराब स्थिति खुद देखनी चाहिए।

### मामला गंभीर है

स्कूल में छात्र की मौत का मामला गंभीर है। प्रशासन इसे गंभीरता से ले रहा है। इस मामले की जांच के लिए मस्तूरी एसडीएम को निर्देशित किया गया है। उन्हें जांच कर तत्काल रिपोर्ट देने कहा गया है।

**- संजय अग्रवाल** कलेक्टर

### स्कूल में बेहद घटिया स्तर का भोजन

छात्रों ने आरोप लगाया कि स्कूल में बेहद घटिया स्तर का भोजन दिया जाता है। दाल में पीला पानी रहता है और दाल नहीं रहती। वहीं, सब्जी में केवल उबला आलू परोसा जाता है, जिसे छात्रों को मजबूरी में खाना पड़ता है। छात्रों ने बताया कि कई बार प्रबंधन से शिकायत की गई। लेकिन समस्याओं को नजरअंदाज किया जाता रहा। उलटे शिकायत करने पर डांटकर चुप करा दिया जाता था। दरअसल, शनिवार 22 नवंबर को स्कूल ने हर्षित के घर फोन करके बताया कि उसकी तबीयत खराब है। जब उसके पिता जयप्रकाश यादव स्कूल पहुंचे, तो हर्षित की हालत बहुत गंभीर थी। उन्होंने उसे अस्पताल ले जाने के लिए स्कूल की गाड़ी मांगी, लेकिन प्रबंधन ने कहा कि प्राचार्य गाड़ी लेकर मीटिंग में गए हैं, इसलिए बाहर से खुद इंतजाम करें या बाइक से ले जाएं।

### नवोदय प्रबंधन पर कार्रवाई की मांग

हर्षित के पिता जयप्रकाश यादव ने बताया कि स्कूल ने बच्चे की तबीयत बिगड़ने की जानकारी समय पर नहीं दी। जब हालत बहुत खराब हो गई, तभी उन्हें फोन किया गया। न तो समय पर इलाज मिला और न ही स्कूल ने अस्पताल ले जाने में कोई मदद की। प्रबंधन ने सिर्फ इतना कहा कि गाड़ी प्राचार्य लेकर गए हैं। इलाज में हुई देरी की वजह से उनके बेटे की जान चली गई। पिता ने बताया कि उनके दो बच्चे हैं- एक बेटा और एक बेटी। हर्षित मेधावी था और प्रतियोगी परीक्षा के जरिए नवोदय में चयनित हुआ था, जबकि बेटी ने एमएससी किया है। उन्होंने नवोदय प्रबंधन पर कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि जिम्मेदार लोगों पर सख्त कदम उठाए जाएं, ताकि किसी और अभिभावक को ऐसा दर्द न सहना पड़े।

## लापता व्यक्ति की तालाब में लाश मिलने से सनसनी



तालाब से लाश निकालती पुलिस की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दो दिन से लापता व्यक्ति की तालाब में लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

तारबाहर थाना के एसआई रामनरेश यादव ने बताया, तारबाहर बस्ती निवासी मो. रिजवान पिता मो शामी खान 44 साल विगत 24 नवंबर की रात 3 बजे घर से बिना बताए निकल गए थे। काफी समय बीत जाने के बाद भी घर नहीं लौटने पर परिजन आसपास व रिश्तेदारी में पतासाजी की गई नहीं मिलने पर उनके द्वारा तारबाहर थाने में गुम इंसान कायम कायम कराया गया था। 26 नवंबर की सुबह डीपूपारा के लोगों ने तालाब में उसकी लाश देखे।

सूचना मिलते ही परिजन व पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव तालाब से बाहर निकालकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

## ट्रैक्टर व भारी वाहन की टक्कर से दो लोगों की मौत, दो घायल

**बिलासपुर।** अलग अलग दो घटनाओं में ट्रैक्टर व भारी वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई है। वहीं दो बालिकाएं घायल हो गई हैं। मस्तूरी थाना के एएसआई शिव चंद्रा ने बताया, बुधवार को पचपेड़ी चिल्हाटी निवासी सिद्धु केंवट पिता दिलहरण केंवट 20 साल हरदी जावलपुर से प्रीति साहू 19 साल, रिया साहू 13 साल को बाइक में बैठाकर वापस गांव लौट रहे थे। शाम 7 बजे मोहतरा चौक के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 10 एएल, 7072 के चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में सिद्धु केंवट की मौके पर ही मौत हो गई। रिया साहू को पैर टूट गया और प्रीति को गंभीर चोट आई है। दोनों बहनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं दूसरी घटना में यूपी निवासी आजम खान पिता गुलबाज खान 21 साल लिमतरा भारत माता रोड बनाने का काम करते थे। बुधवार की शाम वे बाइक से कहीं जा रहे थें। इसी दौरान लिमतरा के पास सड़क निमार्ण में चले भारी वाहन के चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में आजम खान की मौके पर ही मौत हो गई है। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है।

## हो सकता है महिला असिस्टेंट लोको पायलट का बयान आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लालखदान रेल हादसे की जांच करने के लिए रेल सेफ्टी कमिश्नर बीके मिश्रा बुधवार की देर रात हावड़ा-मुम्बई गीतांजली एक्सप्रेस से बिलासपुर पहुंच गए हैं। श्री मिश्रा संभवतः घटना की अंतिम कड़ी यानि लोकल ट्रेन हादसे में गंभीर रूप से घायल हुई महिला असिस्टेट लोको पायलट से पूछताछ कर सकते हैं।

चार नवम्बर को कोरबा से बिलासपुर आ रही लोकल मेमू अप लाइन पर खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई थी। करीब 74 किलोमीटर प्रति रफ्तार की स्पीड से चल रही लोकल ट्रेन के चालक विद्यासागर ने लाइन पर खड़ी मालगाड़ी देखने के बाद इमरजेंसी ब्रेक लगा दी, जिसके कारण ब्रेक यान, इंजन सहित पीछे लगे महिला कोच बेपटरी होने के साथ मालगाड़ी के वैगन पर चढ़ गए थे। इस जबरदस्त टक्कर में चालक की मौके पर मौत हो गई। वहीं महिला असिस्टेंट लोको पायलट रश्मि राज सहित करीब 20 की संख्या में यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना की जांच करने के लिए जिम्मेदारी नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अधीन दक्षिण पूर्व सर्किल कोलकाता सर्किल के रेल सेफ्टी कमिश्नर बीके मिश्रा को जिम्मेदारी दी गई। बोर्ड के आदेश पर सीआरएस बीके मिश्रा ने दूसरे दिन तत्काल बिलासपुर रेलवे में पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण करने के साथ करीब तीन दिन तक घटना से जुड़े विभाग के अधिकारी व स्टाफ सहित अन्य लोगों से पूछताछ की। इस पूछताछ में घटना की मुख्य अभियुक्त महिला असिस्टेंट लोको पायलट रश्मि राज का बयान नहीं हो सका।

एएलपी रश्मि राज की हालत एक्सीडेंट के बाद काफी खराब हो गई थी, जिसकी तबीयत सुधरने का इंतजार किया जा रहा था। करीब 18 दिन के बाद रेल सेफ्टी कमिश्नर बीके मिश्रा एक बार फिर वापस बिलासपुर पहुंच गए हैं। गुरुवार को श्री मिश्रा महिला एएलपी रश्मि राज के घर जाकर उनसे पूछताछ कर सकते हैं, जिसे लेकर संबंधित विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

### सबकी छुट्टी हो गई रद्द

रेल सेफ्टी कमिश्नर बीके मिश्रा गीतांजली एक्सप्रेस से देर रात बिलासपुर पहुंच गए। सीआरएस के आने से पहले सूचना जोन मुख्यालय एवं डिवीजन के अधिकारियों को मिल चुकी थी। इस दौरान आपरेटिंग, इंजीनियरिंग, एसएंडटी, मैकेनिकल सहित अन्य विभाग के अफसरों ने अपने साथ सभी स्टाफ के गुरुवार की छुट्टी को अचानक केंसिल कर दी है, ताकि सीआरएस कभी भी किसी को पूछताछ के लिए बुलाएं तो वे तत्काल उनके पास पहुंच जाएं।

## सिम्सकर्मी के सूने मकान में चोरों का धावा, एक माह बाद लिखाई रिपोर्ट

**बिलासपुर।** सिम्सकर्मी के सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर जेवर, नकद व अन्य सामान चोरी कर लिया। मकान मालिक ने एक माह बाद चोरी की रिपोर्ट लिखाई है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, सीएमएचओ आफिस कैम्पस निवासी अमरूराम साहू पिता प्यारेलाल साहू सिम्स हास्पिटल में रेडियोग्राफर है। 19 अक्टूबर को मकान के दरवाजे में ताला लगाकर वे परिवार के साथ पैतृक गांव सहाड़ा भवानीपुर बलौदाबाजार चले गए थे। 21 अक्टूबर को वे वापस घर आए तो सामान अस्त व्यस्त व आलमारी खुली मिली। पीछे का दरवाजा खुला था और बरामदे की लकड़ी की खिड़की टूटी हुई थी। आलमारी से चांदी का पायल, अंगूठी, 3 हजार रुपए नकद, कम्प्यूटर का हार्डडिस्क, मदरबोर्ड, ग्राफीकार्ड, मेमोरी कार्ड, माउस, वीडियो गेम, वीडियो कैमरा, बैग चोरी हो गया था। पारिवारिक कारणों से वे बाहर चले गए थे। एक माह 25 नवंबर को उन्होंने चोरी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305ए, 331, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## कार में तोड़फोड़ कर आफिस में आग लगाने वाला युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** कार में तोड़फोड़ कर आफिस में आग लगाने वाले फरार युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया कि जबड़ापारा निवासी संदीप कुमार साहू पिता रमेश साहू 26 साल अपोलो हास्पिटल के पास आरके एम्बुलेंस सर्विस एंड ट्रेवल्स नाम से आफिस चलाते हैं। 15 अक्टूबर की रात दो कार व एक एम्बुलेंस खड़े कर आफिस बंद कर घर चले गए थे। देर रात रामनगर लिंगियाडीह निवासी राजेन्द्र राजपूत उर्फ केसरी पिता रघुनाथ राजपूत 24 साल ने गाड़ियों में तोड़फोड़ कर आफिस में आग लगा दी और भाग गया। पुलिस ने संदीप साहू की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 324, 2, 351, 2, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया था। बुधवार को पुलिस ने फरार आरोपी राजेन्द्र राजपूत उर्फ केसरी को गिरफ्तार कर लिया है।




हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

## दस्तावेजों का परीक्षण नहीं होने से टली लमेर रेतघाट की नीलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लमेर रेतघाट की नीलामी के लिए पहुंचे आवेदकों को उस समय निराशा हो गई, जब आवेदनों की संख्या अधिक होने एवं दस्तावेजों का परीक्षण नहीं हो पाने के कारण नीलामी एक दिन के लिए आगे बढ़ा दी गई। सिंचाई विभाग के प्राथर्ना भवन में बुधवार को टेंडर ओपन किया गया था, जिसमें 296 आवेदकों द्वारा घाट के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था।

टेंडर ओपन करने के दौरान निरतू की ही तरह लमेर रेतघाट के लिए भी आवेदकों द्वारा बड़ी संख्या में आवेदन प्रस्तुत करना पाया गया। बुधवार को लमेर घाट की नीलामी के लिए बोलीदारों को सिंचाई विभाग के प्रार्थना सभा भवन बुलाया गया था। सारे बोलीदार एवं उनके प्रतिनिधि मौके पर निर्धारित समय में उपस्थित भी हो चुके थे। टेंडर खोलने के बाद कुल 296 आवेदकों द्वारा आवेदन प्रस्तुत करना पाया गया।

इतनी बड़ी संख्या में प्राप्त आवेदनों व दस्तावेजों का परीक्षण तत्काल कर पाने में असमर्थता जाहिर करते हुए खनिज विभाग द्वारा बुधवार को होने वाली नीलामी की प्रक्रिया को स्थगित करते हुए एक दिन के लिए आगे बढ़ाया गया है। यह प्रक्रिया अब गुरूवार को सुबह साढ़े दस बजे प्रार्थना सभा भवन में पूरी की जाएगी।



■ ओपन किया गया टेंडर, 296 आवेदकों ने की दावेदारी

### आगे बढ़ा दी गई है नीलामी

टेंडर ओपन करने के दौरान 296 आवेदन प्राप्त हुए, जिनके दस्तावेजों का तत्काल परीक्षण कर पाना संभव नहीं था। ऐसे में दस्तावेजों के परीक्षण के अभाव में लमेर रेतघाट की बोली एक दिन के लिए आगे बढ़ा दी गई है। उक्त नीलामी अब गुरूवार को आयोजित की जाएगी।

**-किशोर कुमार गोलघाटे,** उपसंचालक खनिज विभाग